प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

116वें किसान मेले में कुलपति द्वारा स्टालों का निरीक्षण

विश्वविद्यालय में चल रहे 116वें किसान मेले में आज दूसरे दिन विश्वविद्यालय कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान; निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा 9 कृषि विज्ञान केन्द्रों के संयुक्त स्टाल एवं एफपीओ, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित श्रीअन्न (मोटे अनाज) के उत्पाद एवं विभिन्न प्रकार की सब्जियों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की।

किसान मेले में उत्तराखण्ड के स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाये गये स्टालों पर उनके द्वारा बनाये गये हस्त निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों का अवलोकन किया तथा उन्होंने बताया कि इनको बड़े स्तर पर करने की आवश्यकता है, जिससे यह कला पहाड़ी क्षेत्र की महिलाओं को रोजगारपरक बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने मोटे अनाज से बने व्यंजनों का सेवन किया तथा ग्रामीण महिलाओं द्वारा किये जा रहे इन प्रयासों की सराहना की एवं उनके उत्पाद में बढ़ोत्तरी करने हेतु सुझाव भी दिये। इस अवसर पर कुलपति ने किसान मेले में महाविद्यालयों के स्टालों पर विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडल के बारे में जानकारी ली और उन्होंने विद्यार्थियों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने महिला क्लब का उद्घाटन कर व्यंजनों का सेवन किया।

विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडल की जानकारी प्राप्त करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार